(d) The alternative of takeover of various units of FCI and HFC by any of the profit making fertilizer undertakings including IFFCO, KRIBHCO and NFL was explored by the Government Because of the prior commitments of these undertakings towards their own ongoing expansion projects and joint ventures for augmenting the fertilizer production capacity, no such proposal could materialise.

माल ढुलाई के लिए कम्प्यूटरीकृत प्रणाली

802. श्री अजीत जोगी: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय सूचना केन्द्र ने रेल से माल ढुलाई के लिए कम्प्यूटरीकृत प्रणाली स्थापित करने के लिए प्रस्ताव किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) जी नहीं।

(ख) नेशनल इनफारमेटिक्स सेन्टर (एन आई सी) ने मई 1994 में भारतीय रेल के लिए डिस्ट्रीयूटिड प्रयोग सहित माल भाड़ा परिचालन सूचना प्रणाली के कम्प्यूटरीकरण का प्रस्ताव किया था। प्रस्ताव में क्षेत्र रिपोर्ट केन्द्र क्षेत्रीय तथा मंडल कार्यालयों तथा रेलवे बोर्ड में सेटेलाइट पर आधारित संवर्कों के माध्यम से जुड़ा हुआ कप्यूटरों का नेटवर्क शामिल था। एन आई सी ने एक पायलट परियोजना के परीक्षण का आगे और प्रस्ताव किया था।

(ग) और (घ) नेशनल इंफारमेटिक्स सेण्टर की पायलट परियोजना की विभिन्न गतिविधियों की समय सूची तथा जनशक्ति आवश्यकताओं तथा पूर्व रेल में परीक्षण शुरू करने हेतु अन्तर्ग्रस्त भाड़ेलिटी का ब्यौरा देने का अनुरोध किया गया है, उत्तर की प्रतीक्षा है।

सांची स्थित स्तूप के निकट खुदाई

803. प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने सांची स्थित स्तूप के निकट कोई खुदाई की है;

(ख) क्या खुदाई के पश्चात् बड़ी संख्या में स्तूपों और मंदिरों का पता लगा है;

(ग) खुदाई के दौरान पुरातत्वीय महत्व की अन्य कौन-कौन सी वस्तुएं प्राप्त हुई हैं; और

(घ) क्या सरकार वहां पर और खुदाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री एस॰ आर॰ बोम्बई): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) 1993-94 से हाल ही में की गई खुदाई में मठे के अवशेषों, मूर्तियों के टुकड़ों, आहत सिक्कों (खंडित), अभिलेखों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में मनौती के स्तूप, गुम्बदनुमा मंदिरों के खंडहर पाए गए हैं जो सभी दूसरी-पहली शताब्दी ईसा पूर्व के हैं। (शुंग-सतवाहन काल)

Review of Relief Measures in Andhra Pradesh

804. SHRI RAMDAS AGARWAL:
SHRI SATISH AGARWAL:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the Crisis Management Group under the Ministry has reviewed the extent of relief meausres being provided to Government of Andhra Pradesh in the recent cyclone, causing damages to the tune of Rs. 5,375 crores, if so, the details thereof;

(b) whether any thorugh appraisal of disaster management is being done to identify lacunae; and

(c) whether Government have decided to declare the cyclone in Andhra Pradesh as a "National Calamity" as the State Government alone is not in a position to handle a disaster of this magnitude?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI CHATURANAN MISHRA): (a) The Crisis Management Group in the Ministry of Agriculture (Department of Agriculture and Cooperation) is responsible for coordinating emergency response in the event of a natural calamity. The Group held two meetings on the